प्राक्कथन

भारत के नियंत्रक - महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा और लेखा विनियम, 2007 एवं निष्पादन लेखापरीक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार यह लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), एक राष्ट्रीय तेल कंपनी (एनओसी) कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन, कच्चे तेल के परिवहन तथा लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में लगे है। वर्तमान निष्पादन लेखापरीक्षा भारत सरकार के हाईड्रोकार्बन विजन 2025 को पूरा करने के लिए ओआईएलज की तैयारी की जांच करने के लिए की गई थी। लेखापरीक्षा ने यह देखने का प्रयास किया कि क्या ओआईएल के अन्वेषण प्रयास समुचित योजना के साथ किये गये थे और इसे अपने तथा राष्ट्र के परिकल्पित हाईड्रोकार्बन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कुशल और प्रभावी रूप से कार्यान्वित किया गया है।

लेखापरीक्षा, लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में ओआईएल प्रबंधन, महानिदेशक हाईड्रोकार्बन और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किये गये सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है।